## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रयास आवासीय विद्यालय: कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रैल को

**रायगढ़।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु 20 अप्रैल 2025 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्राक्चयन परीक्षा आयोजित किया जाएगा। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-admission-Detail से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है। परीक्षार्थियों को अपना नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज दो फोटो, आधार कार्ड के साथ परीक्षा तिथि को प्रात: 9 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षार्थी साथ में स्वयं का पानी बॉटल, काला, नीला बाल पेन, पेसिंल, इरेजर इत्यादि भी साथ लाएं। केन्द्र में केलकुलेटर, मोबाइल फोन, पर्स अथवा इलेक्ट्रानिक सामग्री पूर्णत: वर्जित होगा। फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र प्रवेश नहीं दिया जाएगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में कठिनाई होने पर कार्यालय कलेक्टर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

### महिला बाल विकास विभाग में रिक्त पदों पर 25 अप्रैल तक मंगाए गए दावा-आपत्ति

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत चाईल्ड हेल्प लाईन (1098) के तहत रिक्त संविदा 8 पदों की भर्ती हेतु प्रारंभिक सूची रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in तथा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल में देखी जा सकती है। इच्छुक 17 अप्रैल से 25 अप्रैल 2025 तक कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### एडीईओ भर्ती के लिए 02 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

#### स्नातक उत्तीर्ण सीजी व्यापम की वेबसाइट में भर सकतें हैं आवेदन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बेरोजगार युवाओं के लिए शासकीय भर्ती का प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में विकास आयुक्त कार्यालय से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) के 200 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया है, जिसमें 193 रिक्त एवं 7 बैकलॉग शामिल है। इस पद के लिए अभ्यर्थी को स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए। ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर को प्राथमिकता दी जाएगी। सीजी व्यापम की वेबसाइट में 02 मई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### प्रीबीएड, प्रीडीएलएड, पीएटी, पीव्हीपीटी, पोस्ट बेसिक, बीएससी और एमएससी नर्सिंग के प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर ने आगामी सत्र से शुरू होने वाले कई प्रकार के कोर्स में एडमिशन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। प्रीबीएड, प्रीडीएलएड, पोस्ट बेसिक नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इसी प्रकार पीएटी, पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि 21 अप्रैल है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की वेबसाइट (व्यापमं डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन) है।

# रायगढ़ पुलिस ने 48 घंटे में सुलझाई दोहरी हत्या की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार कर जब्त किए अहम सबूत

**रायगढ़**






पुसौर थाना क्षेत्र के संवरा पारा में हुई मां-बेटी की हत्या को लेकर पुलिस महानिरीक्षक महोदय डॉ० संजीव शुक्ला, आईजीपी बिलासपुर रेंज, बिलासपुर द्वारा एसपी रायगढ़ दिव्यांग पटेल को घटना के शीघ्र पटाक्षेप के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे, पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी को मात्र 48 घंटों में सुलझाकर सनसनीखेज खुलासा किया है। घटना के बाद से पुलिस की मुस्तैदी और तेज कार्रवाई ने न सिर्फ आरोपी को गिरफ्तार किया, बल्कि पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को तकनीकी और वैज्ञानिक जांच से जोड़कर अदालत के लिए मजबूत सबूत भी जुटा लिए हैं। यह सफलता वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन और थाना स्टाफ की सतत मेहनत का परिणाम है।

दिनांक 15 अप्रैल 2025 को पुसौर के संवरा पारा में भरत घोबा के निर्माणाधीन मकान के मलबे में पड़ोस की महिला उर्मिला संवरा (50 वर्ष) और उसकी बेटी पूर्णिमा संवरा (24 वर्ष) का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही एसपी दिव्यांग पटेल, एसएपी आकाश मरकाम, सीएसपी आकाश शुक्ला, डीएसपी अनिल विश्वकर्मा, थाना प्रभारी पुसौर, साइबर सेल, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पर पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ० संजीव शुक्ला भी घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की गंभीरता से जांच के निर्देश दिए। जांच को कई टीमों में बांटते हुए सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल्स और तकनीकी पहलुओं पर तेजी से काम शुरू किया गया।

घटना के संबंध में थाना पुसौर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या और सबूत मिटाने की धाराओं में अपराध क्रमांक 103/2025 धारा 103(1), 238 बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच शुरू हुई। पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे और संदेह की कड़ी मृतिका के घर के पास किराना दुकान चलाने वाले शुभम सेठ (20 वर्ष) तक पहुंची। पूछताछ में शुभम ने न केवल अपना अपराध स्वीकारा बल्कि हत्या की पूरी योजना और क्रियान्वयन का चौंकाने वाला विवरण भी दिया।

आरोपी शुभम सेठ ने बताया कि, कुछ दिनों से दोनों के बीच आपसी विवाद चल रहा था जिससे शुभम ने उसकी हत्या की योजना बनाई। 14 अप्रैल की रात वह लकड़ी के खुरे के साथ घर से निकला, छत के रास्ते पूर्णिमा के घर में घुसा और सोती हुई पूर्णिमा पर ताबड़तोड़ वार किए। बीच-बचाव में जागी मां उर्मिला पर लकड़ी का खुरा और क्रिकेट के बैट से हमला कर दोनों की हत्या कर दी। इसके बाद शवों को निर्माणाधीन मकान में ईंट से ढंककर छिपा दिया और कमरे, सीढ़ी पर लगे खून को पानी से साफ कर खुद जनशताब्दी ट्रेन से रायपुर भाग गया।

पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम पर खून से सने कपड़े, हत्या में प्रयुक्त खुरा, बैट और अन्य महत्वपूर्ण सबूत जब्त किए हैं।

आरोपी शुभम सेठ पिता चंद्रकेतु सेठ, 20 साल निवासी बिरसामुंडा चौक, मुडीताल, पुसौर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेज दिया गया है।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस की यह त्वरित और ठोस कार्रवाई एक बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने आई है। एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, सीएसपी आकाश शुक्ला और डीएसपी अनिल विश्वकर्मा के नेतृत्व में निरीक्षक रामकिंकर यादव, उप निरीक्षक कुंदन लाल गौर, एएसआई मनमोहन बैरागी, ऐनु देवांगन, उमाशंकर विश्वाल, उमाशंकर नायक, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, सतीश पाठक, आरक्षक मनोज पटनायक, उत्तम सारथी, रविन्द्र गुप्ता, प्रताप बेहरा, विक्रम सिंह, विकास प्रधान तथा थाना पुसौर आरक्षक धनुर्जय बेहरा, दिनेश गोंड, अनूप साव, ठंडाराम गुप्ता, खिरोड़ भोय तारीक अनवर, दिलीप सिदार, कीर्तन यादव, ओशनिक विश्वाल, विजय कुशवाहा, राजकुमार उरांव एवं अन्य स्टाफ ने इस जघन्य हत्याकांड का पर्दाफाश कर पुलिस की कार्यकुशलता का परिचय दिया।

## कलेक्टर गोयल ने पोषण रथ को हरी झंड़ी दिखाकर किया रवाना

**22 अप्रैल तक पोषण को लेकर लोगों को करेगा जागरूक**

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट परिसर से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा अंतर्गत तैयार पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ आगामी 22 अप्रैल तक जिले के विभिन्न परियोजना में जाकर लोगों को पोषण संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए लोगों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एल.आर.कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण पखवाड़ा अंतर्गत जीवन के प्रथम 1 हजार दिवस पर विशेष ध्यान देने, पोषण ट्रैकर में उपलब्ध बेनिफिशरी मॉड्यूल का व्यापक प्रचार-प्रसार, कुपोषण प्रबंधन तथा बच्चों के मोटापे की समस्या को रोकने हेतु खानपान एवं व्यवहार में परिवर्तन लाने जैसी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसके व्यापक जन जागरूकता हेतु पोषण पखवाड़ा अंतर्गत पोषण रथ को रवाना किया गया है। पोषण रथ के लिए रूट का निर्धारण भी किया गया है। जिसके तहत 18 अप्रैल को घरघोड़ा, खरसिया, तमनार एवं रायगढ़ ग्रामीण, 19 अप्रैल को कापू एवं लैलूंगा परियोजना में पोषण रथ लोगों को जागरूक करेगा।

## पुसौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिव्यांगजनों के लिए आयोजित हुआ शिविर

**दिव्यांगजन हुए लाभान्वित, 22 अप्रैल को बड़े भंडार में होगा शिविर**

**रायगढ़**





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को शासन की योजना का लाभ प्रदान करने एवं उनके सुविधा हेतु जिले के समस्त विकास खंड में क्लस्टर स्तर पर दिव्यांग जनों का चिन्हांकन एवं यूडीआईडी प्रमाणीकरण तथा सामाजिक सहायता अन्तर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके तहत विकासखंड धरमजयगढ़ के कापू एवं विकासखंड मुख्यालय में, लैलूंगा विकासखंड मुख्यालय एवं मुडागाँव, घरघोड़ा विकास खंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं कुडुमकेला, तमनार विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सराईपाली में शिविर का आयोजन किया गया था। इसी क्रम में 17 अप्रैल को विकासखंड पुसौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसका दिव्यांग जनों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लेते हुए शिविर का लाभ लिए। शिविर में जिले के चिकित्सकों की विशेष टीम एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों उपस्थित रहे। आगामी 22 अप्रैल को पुसौर विकास खंड के बड़ेभंडार के प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में शिविर आयोजित किया जाएगा।

**नशा के दुष्परिणाम एवं पोषण पखवाड़ा की दी जा रही जानकारी-** शिविर में नशा मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत लोगों को 21 प्रकार की दिव्यांगता की जानकारी दी जा रही है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि हम अपने आप ही अपनी गलती के कारण दिव्यांग बन जाते हैं और उसका एक मात्र कारण होता है नशा। नशा करने के कारण घातक बीमारियों से जूझना पड़ता है साथ ही विभिन्न दुर्घटनाओं के शिकार के फलस्वरुप दिव्यांग बन कर जीना पड़ता है। शिविर में पोषण पखवाड़ा के संबंध में भी विस्तृत जानकारी देने एवं शपथ ग्रहण भी करवाया जा रहा है।

## सुशासन तिहार: कलेक्टर गोयल ने की आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

**जिला स्तर से अधिकारियों को मॉनिटरिंग का दिया गया जिम्मा**

**दूसरे चरण में आवेदनों को किया जाएगा निराकृत**

**रायगढ़**




सुशासन तिहार का दूसरा चरण शुरू हो चुका है। अब लोगों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी बैठक में शामिल हुए।

कलेक्टर गोयल ने सभी अधिकारियों से कहा कि सुशासन तिहार से मिले आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री कर दी गयी है। आवेदन को विषय वस्तु के आधार पर संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। विभाग प्रमुख उन्हें मिले आवेदनों का निराकरण कर जानकारी ऑनलाइन अपडेट करते चलें। आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सबसे पहली प्राथमिकता है। कलेक्टर गोयल ने आगे कहा कि विभाग कार्यालय स्तर से जिन आवेदनों को निराकृत कर सकते हैं, वह कर लें। जिनमें किसी प्रकार के परीक्षण या जांच की आवश्यकता है उसके लिए जल्द टीम गठित कर फील्ड निरीक्षण कर प्रतिवेदन मंगा कर कार्यवाही करें। कलेक्टर गोयल ने सभी विभागों से कहा कि उन्हें मिले आवेदनों को श्रेणी अनुसार बांट लें। सबके लिए जिला स्तर से मॉनिटरिंग के लिए नोडल बनाते हुए निराकरण करवाते जाएं। इससे काम व्यवस्थित तरीके से तेजी के साथ पूरा होगा।

बैठक में कलेक्टर गोयल ने विभागों को मिले आवेदनों के बारे में की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला स्तर से सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव सहित अपर कलेक्टर द्वय रवि राही व अपूर्व प्रियेश टोप्पो, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय एवं ज्वाइंट कलेक्टर्स व डिप्टी कलेक्टर की संयुक्त मॉनिटरिंग टीम बनाने के निर्देश दिए। जिसमें अधिकारियों को ऐसे विभाग जिन्हें निराकरण के लिए अधिक आवेदन मिले हैं, उसकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर गोयल ने स्पष्ट करते हुए कहा कि सुशासन तिहार का दूसरा चरण प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए है। अत: समय-सीमा के अंदर विभागों को मिले आवेदनों को निराकृत करें। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद, नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## केड़ार और पुटका डेम से छोड़ा जा रहा पानी : पशु पक्षियों के लिए वरदान

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



ग्रीष्म ऋतु में जिले के नागरिकों के निस्तारी और पशु पक्षियों के पेयजल संकट निवारण के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा केड़ार और पुटका जलाशय (डेम) से, निर्धारित सीमा में जनवरी 2025 से अब तक नहर में पानी छोड़ा जा रहा है। जलाशय से नहर में जल छोड़ना, एक सतत् प्रक्रिया है। बरमकेला क्षेत्र के किंकारी डेम में निर्धारित सीमा तक जल को रखकर अतिरिक्त जल को नहर में छोड़ा गया है। ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था

बेजुबान पशु पक्षियों के लिए वरदान है, जिले के जल संसाधन विभाग के अनुरूप अन्य विभाग भी अपने स्तर पर जल प्रबंधन की व्यवस्था ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कर सकते हैं, जिससे पशु पक्षी को जीवन मिल सकता है। इसी प्रकार सभी नागरिक अपने घरों में भी किसी भी जल पात्र रखकर पशु पक्षी के लिए जल व्यवस्था कर सकते हैं।

## वन्य प्राणियों के पेयजल व्यवस्था के लिए सासर में टैंकर से पानी भर रहा वन विभाग

**बेजुबानों वन्य प्राणियों के लिए जीवनदायी पेयजल व्यवस्था**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

वन विभाग के द्वारा जिले के गोमरडा अभयारण्य के सारंगढ़ और बरमकेला रेंज में वन्य प्राणियों के प्यास बुझाने के लिए 50 सासर (एक कांक्रीट स्थल) में टैंकर से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। वन प्रबंधन का यह पेयजल व्यवस्था बेजुबानों वन्य प्राणियों के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है। यह जल स्रोत वन्यजीवों के लिए एक महत्वपूर्ण आश्रय बन गया है, जहां वे बिना किसी खतरे के अपनी प्यास बुझा सकते हैं।जंगल में जल संकट हमेशा से ही एक गंभीर समस्या रहा है, खासकर गर्मियों के दौरान जब पानी के स्रोत सूख जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए वन विभाग ने सासर जलस्रोत का निर्माण किया, जो अब वन्य प्राणियों के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत बन गया है। इस प्रयास से न केवल बाइसन बल्कि अन्य वन्य प्राणियों जैसे बाघ, तेंदुआ, चीतल भी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्हें अब प्यास बुझाने के लिए जंगल के बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे उनकी सुरक्षा भी बनी रहती है। सीमेंट से बने इस सासर की खास निगरानी होती है। हर एक सासर का एक प्रभारी नियुक्त किया गया है। टैंकर व वाहन में पानी टंकी रखकर भरता है। व्यवस्था इस प्रकार बनाई गई है कि थोड़ा भी पानी खाली होता है, तत्काल इसकी सूचना प्रभारी के द्वारा दिया जाता है। इसके बाद वन अमला तत्काल पानी भरने के लिए पहुंच जाता है। सासर जल स्रोत के निर्माण से वन्य प्राणियों के जीवन में पेयजल संकट का निवारण हुआ है। यह एक स्थायी समाधान है, जो न केवल प्यास बुझाता है बल्कि वन्यजीवों के संरक्षण में भी मदद करता है। इस पहल से न केवल वन्य प्राणियों को राहत मिली है, बल्कि यह भी साबित होता है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखते हुए हम वन्यजीवों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

## संगम अभियान पर कार्यशाला आयोजित : संगम अभियान से जल संरक्षण भू-जल रिचार्ज, कृषि एवं आजीविका संवर्धन संबंधित गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

**अप्रैल माह के अंत तक कार्ययोजना पूर्ण करने के दिए गए निर्देश**

**रायगढ़**



जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में संगम अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जीआईएस तकनीक का उपयोग कर महात्मा गांधी नरेगा के आई एन आर एम एवं आजीविका संवर्धन संबंधित कार्यों को सीएलएफ/एसएचजी/पंचायत प्रतिनिधि आजीविका मिशन के मैदानी कर्मचारी एवं ग्राम रोजगार सहायकों को सहभागिता से पंचायत वार कार्य योजना तैयार करने हेतु विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। संगम अभियान से जल संरक्षण भू-जल रिचार्ज, कृषि एवं आजीविका संवर्धन संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकेगा।

प्रदान संस्था के संचालक सत्यनारायण बेहरा द्वारा मनरेगा एवं आजीविका मिशन के अभिसरण से महिला समूह द्वारा आम का बगीचा तैयार कर विक्रय हेतु पैकिंग, सामूहिक चारागाह, अर्जुन पौधों से महिला समूहों की आमदनी को पीपीटी के माध्यम से दर्शाया गया। जल प्रबंधन कार्यक्रम के स्रिद्धांत के अनुसार शिखर से घाटी तक जल संरचना, आई. एन. आर. एम. कार्यों एवं आजीविका मूलक खेत तालाब एवं वृक्षारोपण गतिविधियों से सी.एल.एफ सशक्त करने विषयक पी.पी.टी. दर्शाया गया। असमय बारिश के कारण हितग्राही मूलक छोटे तालाब एवं मत्स्य पालन के विषय में बताया गया।

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ महेश पटेल के द्वारा संगम अभियान के प्रशिक्षित तकनीकी सहायकों को जी.आई.एस. व तकनीकी उपयोग पर राज्य शासन के निर्देशानुसार अप्रैल माह के अंत तक कार्ययोजना पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। कार्यशाला में राजेश शर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी (महात्मा गांधी नरेगा), आशुतोष श्रीवास्तव सहायक अभियंता एवं अविक वसु डी.पी.एम आजीविका मिशन उपस्थित रहे। कार्यशाला प्रदान संस्था द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न लाइन डिपार्टमेंट (फारेस्ट, उद्यान, रेशम, मत्स्य, जलसंसाधन)के अधिकारियों सहित पीआरपी, सीएलएफ के अध्यक्ष, सचिव, नोडल तथा जिले से एपीओ, टीसी, डीपीएम, एनआरएलएम, प्रोग्रामर, प्रदान संस्था के जिला नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480